# 2016

# HINDI

**(Modern Indian Language)**

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours and *Fifteen Minutes**

*(*15 minutes are given as extra time for reading questions)*

साधारण निर्देश :

1. इस प्रश्न-पत्र के चार अंक हैं — क, ख, ग, घ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न को सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड - 'क'

## ( वाचन - 10 अंक )

1. दोहा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

2. साधारण-धर्म किसे कहते हैं? सोदाहरण समझाइए। 2

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 3 से 6 तक के उत्तर एक शब्द/ शब्द-समूह / वाक्य में लिखिए।**

3. जब एक ही शब्द एक ही बार प्रयुक्त हो लेकिन उसके दो या अधिक अर्थ निकलते हो तो उस अलंकार को क्या कहते है? 1



4. सोरठा छन्दका एक उदाहरण दीजिए। 1

5. अतिशयोक्ति अलंकार किसे कहते हैं? सोदाहरण समझाइए। 1

6. माला फेरत जुग गया, गया न मन का फेर।
   करका मन का डारि के, मन का मनका फेर।।
   — यह उदाहरण किस अलंकार का है? 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही चुनकर कोष्ठक मे दिए गए वर्णों को ही उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

7. जो रहीम गति दीप की कुल कपूत की सोय
   बारे उजियारो करे, बढ़े अंधेरो होय।।
   — उपर्युक्त पदमें निहित अलंकार कार नाम कौन-सा है? 1

   (क) रुपक।

   (ख) यमक।

   (ग) श्लेष।

   (घ) अतिशयोक्ति।

8. खग-वृन्द सोता है अत: कल कल नही होता वहाँ।
   बस मन्द मारुत का गमन ही, मौन है खोता जहाँ।।
   — उपर्युक्त पदमें निहित छन्द कौन सा है? 1

   (क) गीतिका।

   (ख) हरगीतिका।

   (ग) सोरठा

   (घ) बरवै।

## खण्ड - 'ख'

### (लेखन - 15 अंक)

9. मान लीजिए कि आप अपने स्कूल के मेगाजिन सेक्रेटरी हैं। आप के मेगाजिन में छपने के लिए आप को विविध लेखों को जरूरत है। इस सम्बन्ध में एक विज्ञापन निकालकर आप अपने सहपाठियों को सूचित कीजिए। 8

10. मान लीजिए कि आप 'क' दैनिक समाचार पत्रिका का रिपोर्टर हैं। आपको मालूम है कि इस बार आइ. एल. पि. आन्दोलन की बजह से स्कूल-कालेजों में पढ़ाई की मात्रा कम हो गई है। इसको फलस्वरूप विद्यार्थियों को नुकसान का सामना करना पड़ा। इस विषय को लेकर आप अपने आखबार मे छपानेलायक एक रिपोर्ट लिखिए। 7

## खण्ड - 'ग'

### (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 से 12 के उत्तर लगभग 50/50 शब्दों में लिखिए।**

11. तत्सम और तदभव का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 4

12. संधि किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? एक एक उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। 4

13. "जो आदमी सच बोलता है, उसकी हमेशा जीत होती है।"
— इस मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

14. "राम आया और श्याम चला गया"
— इस संयुक्त वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तन कीजिए। 1



15. "साहसी पुरुष सफल होते है"
— इस सरल वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

16. 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

17. 'चोली दामन का साथ' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

**निर्देश : प्रश्न संख्या 18 ओर 19 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पो मै से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्णको ही उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

18. 'कुछ देर का सुख' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है? 1

(क) घर फुँक तमाशा देखना।

(ख) चार दिन की चाँदनी।

(ग) टेढ़ी खीर।

(घ) हवाई किले बनाना

19. 'सच्ची बात के लिए सबूत नहीं चाहिए' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन सी है? 1

(क) उल्टा चोर कोटवाल को डाटे।

(ख) आम के आम गुठली के दाम।

(ग) हाथ कंगन को आरसी क्या।

(घ) रस्सी जल गई ऐंठ न गई।

## खण्ड-'घ'

**( साहित्य-60 अंक )**

***( पद्य : प्राचीन 8 अंक और आधुनिक 12 अंक )***

20. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) रहिमन वे मर चुके जे कहुँ माँगन जाहि।
उनते पहले वे मरे, जिन मुख निकसत नाहि।।

*अथवा*

(ख) ऐसी मूढ़ता या मन की।
परिहरि राम भगति सुर सरिता आस करत ओस कन की।।

21. निम्नलिखित पद्यांशकी संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7

(क) मैं एक बार फिर वह सब बतलाना चाहूँगा
जिसे मैंने कल कहा था
क्योंकि पिछले पाथ का दुहराना
हर नयी शुरुआत मे शरीक है।

*अथवा*

(ख) कौन कह रहा है बनजारों सा यह जीवन बेकार है।
मैं सब का हूँ। सब मेरे हैं, सब से मुझको प्यार है।

22. कामदेव कौन है? वह कैसे भस्म हो गया था? 4

**निर्देश : प्रश्न पत्र संख्या 23 और 24 के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।**

23. "मैं पतित, तुम पतित पावन"
— यह 'पतित' कौन है? 1



24. 'अभिमन्यु' शीर्षक कविता का रचयिता कौन है? 1

**( गद्य-25 अंक )**

25. निम्नलिखित गद्यांशकी सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 7

(क) यह तो मानना होगा कि सुखी जीवन का यह अच्छा नुस्खा है, सुखी व्यक्ति जीवन का ही नहीं, एक सुखी समाज का भी।

*अथवा*

(ख) संघर्ष ही में प्रतिभा को बल मिलता है, मनुष्य श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर होता जाता है।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 और 27 के उत्तर लगभग 40/40 शब्दों में लिखिए।**

26. खड़ीबोली के सम्बन्ध में माखनलाल चतुर्वेदी का विचार संक्षेप में लिखिए। 4

27. 'एड्स मनुष्य का सबसे खतरनाक दुश्मन है।'
— इस कथन की पुष्टि कीजिए। 4

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 और 29 के उत्तर लगभग 25/25 शब्दो में लिखिए।**

28. 'मुक्ता यात्रा' क्या है? 2

29. कालिन्दीचरण की बातपर सुनन्दा को क्यों गुस्सा हुआ? 2

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 30 से 33 तक के उत्तर एक-एक शब्द / शब्दसमूह / एक वाक्य में लिखिए।**

30. 'शगोल काङ्जै' का जन्मदाता किसे माना जाता है? 1

31. किस खेल के अभाव में लाइहराओबा के अंतिम दिन का कार्यक्रम अधूरा माना जाता है? 1

32. "'सुनन्दा, खानेवाले हम चार हैं। खाना हो गया?''
— यह किसने कहा है? 1

33. 'नामघर' क्या होता है? 1

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 34 और 35 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

34. 'पत्नी' शीर्षक कहानी का लेखक कौन है? 1

(क) इबोहल सिंह कांजम।

(ख) जैनेन्द्र कुमार।

(ग) अज्ञेय।

(घ) माखनलाल चतुर्वेदी।

35. 'सुबी लाकपी' खेल के प्रत्येक दल में कितने खिलाड़ी होते हैं? 1

(क) पाँच-पाँच।

(ख) छह-छह।

(ग) सात-सात।

(घ) आठ-आठ



**( पूरक पाठ्य-पुस्तक-15 अंक )**

36. (क) 'विधाता' शीर्षक कहानी का सारांश लगभग **100** शब्दों मे लिखिए। 7

*अथवा*

(ख) मानव की प्रगति मे विज्ञान का योगदान संक्षेपमे लिखिए।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभग 40/40 शब्दों में लिखिए।**

37. बौद्ध साहित्य पर एक टिप्पणी लिखिए। 4

38. 'मौर्य संस्कृति' का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

---